तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

13 बसंत पंचमी पर मंत्रोच्चार से हुआ मां सरस्वती ...



14 विकसित भारत जी राम जी योजना पंचायतों के आर्थिक ...





# सरेंडर कर चुके नक्सलियों ने गुप्त ठिकानों का किया खुलासा, भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के दुर्गम जंगलों और पथरीली पहाड़ियों के बीच छिपी एक बड़ी तबाही की साजिश को सुरक्षाबलों ने समय रहते नाकाम कर दिया है। यह सफलता केवल हथियारों की बरामदगी नहीं है, बल्कि नक्सलियों के उस सूचना तंत्र और सुरक्षा घेरे को ध्वस्त करने जैसी है जिसे वे अभेद्य मानते थे। ऑपरेशन क्लीन स्वीप जब अपनों ने ही खोले राज इस पूरे घटनाक्रम में इंटेलीजेंस की अहम भूमिका है, जो आत्मसमर्पित नक्सलियों के माध्यम से मिली। कभी नक्सली संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले इन पूर्व माओवादियों ने पुलिस को उन गुप्त ठिकानों का सटीक पता बताया, जहां धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के कैडरों ने विस्फोटक और हथियारों का जखीरा डंप कर रखा था। पुलिस की ई-30 (म-30), सीएएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जब मैनपुर के कुकरार और पीपरछेड़ी के कमारभौदी इलाके की पहाड़ियों को घेरा, तो वहां जमीन के नीचे मौत का सामान दबा मिला। पुलिस की लूटी हुई रायफल बरामद सर्चिंग के दौरान जवानों के हाथ वो 303 रायफल लगी, जिसे नक्सलियों ने पहले पुलिस बल पर हमला कर लूटा था। इसके साथ ही एक देशी पिस्टल और भारी मात्र में कारतूस बरामद किया गया। इससे यह साफ होता है कि माओवादी किसी बड़ी हिंसक वारदात या एम्बुश की तैयारी में थे।

## नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, कैडरों ने विस्फोटक और हथियारों का जखीरा डंप कर रखा था

### ये सामग्री बरामद

बीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई में नक्सलियों के लॉजिस्टिक सपोर्ट की भी पोल खुल गई है। मौके से ये सामग्री बरामद की गई है पुलिस से लूटी गई हथियार 303 रायफल, एक देशी पिस्टल, गोला–बारूद, 43 घातक डेटोनेटर, 12 बोर के 31 राउंड और 8 एमएम के 48 कारतूस इसके अलावा 2 तकनीकी उपकरण वॉकी-टॉकी, 2 सौर प्लेट (पावर बैकअप), मल्टीमीटर और इन्वर्टर. साथ ही दैनिक सामग्री बरामद की गई है जो पहाड़ियों पर लंबे समय तक टिक सके।



### ग्रामीणों और पुलिस को दहलाने की थी साजिश

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रतिबंधित माओवादी संगठन इन विस्फोटकों को सरेंडर करने के पूर्व इसे छुपाया गया था, लेकिन सुरक्षाबलों की मुस्तैदी और सटीक इनपुट ने उनके विनाशकारी ब्लूप्रिंट को कागज के टुकड़े में बदल दिया।

## खबर संक्षेप

### विधायक इंद्रकुमार आज नवापारा में

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू आज रविवार 25 जनवरी को नवापारा विप्र भवन में



भूमिपूजन शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुबह 11 बजे पहुंच रहे है। विधायक श्री साहू का ब्राम्हण समाज द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा की अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू करेंगी। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए समाज के वरिष्ठ रमेश तिवारी ने ब्राम्हण समाज के सभी लोगो से बड़ी संख्या में सुबह 11 बजे विप्र भवन पहुंचने का आग्रह किया है।

### देवभोग में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम 26 को

**मैनपुर।** गणतंत्र दिवस पर्व पर 26 जनवरी को देवभोग में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन व्यापारी संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद देवभोग द्वारा हाईस्कूल मैदान देवभोग एक भव्य देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने बताया की इस अवसर अमर शहीदों को श्रद्धाजंली अर्पित किया जाएगा।

### कुडेरादादर में ग्रामीण क्रीड़ा स्पर्धा आज

**रसेला।** ग्राम पंचायत कुडेरादादर में 25 जनवरी यानी रविवार से एक दिवसीय ग्रामीण क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, विशेष अतिथि होंगे लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता करेंगे सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, विशिष्ट अतिथि के रूप में बिमला नागेश जनपद सदस्य,गुलाब मरकाम उपसरपंच, भुनेश मरकाम सचिव, कृष्णा साहू शाला समिति अध्यक्ष, ओमप्रकाश दीवान अध्यक्ष शाला समिति, घनश्याम साहू ग्राम पटेल, नारायण सिंह ठाकुर ग्राम प्रमुख, दिनेश साहू, केजुराम ध्रुव सहित सभी ग्राम प्रमुख और सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन में विशेष सहभागिता निभाई वाले समस्त महिला समूह के महिलाओं का विशेष योगदान है। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासी और महिला समूह के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

### उपरवारा में 26 को मड़ई- मेला लगेगा

**अभनपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम विकास समिति द्वारा 26 जनवरी सोमवार (गणतंत्र दिवस) को मंडई मेला महोत्सव का भव्य आयोजन ग्राम उपरवारा में रखा गया है। लेखराम घिदौड़े ने जानकारी देते बताया कि रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका पायल साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक मंजरी की प्रस्तुति दी जाएगी। मेला स्थल पर झूले, दुकानें एवं मनोरंजन के विविध साधन उपलब्ध रहेंगे।

### सद्गुरु कबीर चरितम् कथा सप्ताह 28 से

**अभनपुर।** कबीर पंथ के परम पावन सिद्धांत सतनाम के प्रचार-प्रसार को लेकर ग्राम निमोरा, नवा रायपुर में श्री सद्गुरु कबीर चरितम् कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह एवं सोलह सूत चौका आरती महायज्ञ का भव्य आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम पंथश्री हुजूर अर्धनाम साहेब के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी, जिसमें सद्गुरु कबीर साहेब के जीवन-चरित, सत्संग, भक्ति, समता, मानवता तथा सत्यनाम के गूढ़ रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।कथा आयोजन आचार्य कबीर पंथ, काशी लहरतारा धाम, वाराणसी (उ.प्र.) के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## विडंबना : सास मांगती रही कर्ज, जिला पंचायत अध्यक्ष की पहल पर हुई रिहाई

# 15 हजार के लिए इंसानियत कैद, ओडिशा के अस्पताल में 6 दिन बंधक रही जिले की प्रसूता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भुजिया जनजाति की 23 वर्षीय गर्भवती महिला ओड़िशा के एक अस्पताल में 6 दिनों तक बंधक बनी रही। नॉर्मल डीलवरी के एवज में मांगी गई 20 हजार में से 15 हजार चुकाने बेवा सास पैसे जुगाड़ करती रही।स्थानीय उपस्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती का पंजीयन तक नहीं। जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने दखल देकर प्रसूता को सकुशल घर पहुंचवाया।

मामला गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम मुचबहल के मालिपारा वार्ड में रहने वाली भुजिया जनजाति की 23 साल की नवीना चींदा कालाहांडी के धर्मगढ़ ओड़िशा के एक निजी अस्पताल में पांच दिनों तक अघोषित रूप से बंधक बना कर रखी गई थी, प्रसूता की सास दोषो बाई ने बताया कि 18 तारीख को प्रसव पीड़ा के बाद उसे ओड़िसा धर्मगढ़ स्थित मा भंडारणी क्लिनिक में भर्ती कराया, उसी दिन ही सामान्य प्रसव में पोती ने जन्म दिया। भर्ती से पहले 5 हजार रुपए जमा किया गया था, प्रसव के बाद 15 हजार रुपए और मांगे गए। पैसे पूरे देने के बाद ही बहू, 3 साल का पोता और नवजात को लाना संभव ▶▶|शेष पेज 12 पर

### कार्यकर्ता से सूचना मिलते ही मदद के लिए प्रतिनिधि भेजा

जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने बताया कि लाचार सास पैसे की तलाश दो दिन से कर रही थी। कारण सुनते ही हैरानी हुई लेकिन पहले अस्पताल में मौजूद जच्चा-बच्चा को सकुशल वापस लाना था।अस्पताल में प्रतिनिधि के तौर पर मैने दो बड़े भाइयों को भेजा था पत्रकार जयविलास शर्मा और पुरुषोत्तम पात्र पहुंचे थे। देवभोग बीएमओ प्रकाश साहू ने मौके के लिए एंबुलेंस भेजा। मसला समझने के बाद उसे सकुशल वापस लेकर आए, ऐसी परस्थिति क्यों निर्मित हो रही है, सरकारी



योजना का लाभ भुजिया जनजाति के महिला तक क्यों नहीं पहुंचा, लापरवाही किसकी थी। इस संबंध में जांच के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया जाएगा।मौके पर गए जय विलास शर्मा ने बताया कि पहुंचने के बाद प्रबंधन ने 2 घंटे इंतजार कराया।फिर अस्पताल में मौजूद कालाहांडी जिला पंचायत सदस्य गोपीनाथ महानंद ने मदद किया। बचत 15 हजार के बजाए स्वेच्छा से बिल भरने कहा गया। गौरी शंकर कश्यप के माध्यम से 5 हजार दिया गया, जिसके बाद एंबुलेंस के जरिए जच्चा बच्चा को उसके गांव सकुशल छोड़ा गया।



### पता करवाता हूं

मैंनपुर बीएमओ गजेन्द्र ध्रुव ने कहा कि ये सब आपसे जानकारी मिल रही है। मुझे पता नहीं था। पता करवाता हूं और स्थिति की जानकारी लेता हूं।

### सरकारी योजना से वंचित है भुजिया परिवार

2000 की आबादी वाले गांव में पोशो चिदा का परिवार अकेला विशेष पिछड़ी जनजाति भूंजिया है। गांव के बीच बीच टूटे हुए मकान में सास बहु रहते हैं। रोजगार का अभाव था इसलिए बेटा आंध्र काम करने जाता है। गांव कलस्टर में शामिल नहीं इसलिए विशेष पिछड़े जनजाति योजना का लाभ इस परिवार को नहीं मिल रहा।पीएम आवास के तहत आवास मिला है पर बना नहीं पा रहे हैं। बूढ़ी सास मजदूरी कर किसी तरह गुजारा कर रही ,परिवार के लिए मजदूरी ही अंतिम विकल्प था।

### पैसे की मांग नहीं किया : अस्पताल संचालक

मामले में अस्पताल संचालक चौतन्य मेहेर ने कहा कि उसे किसी भी प्रकार से किसी पैसे की मांग नहीं किया।उनके द्वारा हमें दिक्कतों की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। जब तक रही स्टाफ ने उनका पूरा ख्याल रखा है।अगर वे रूपये की दिक्कत बताते तो उन्हें पहले ही जाने दे दिए होते, पर उन्होंने अंतिम समय तक कुछ भी नहीं बताया।

### जच्चा बच्चा कार्ड नहीं था

मितानिन गांव में उस वार्ड की मितानीन पार्वती ध्रुव ने बताया कि 6वां माह के गर्भ में वो गांव आई 7 वे माह में उसकी जांच किया गया। जरूरी दवाएं और पौष्टिक आहार दिया गया था। पंजीयन कार्ड खत्म हो गया था इसलिए उसका जच्चा बच्चा कार्ड नहीं बनाया जा सका। पहले प्रसव सिजेरियन था, इसलिए दूसरे में भी वो उसी अस्पताल चल दी। किसी को इसकी जानकारी नहीं दिया।

# कुएं में मिला तेंदुए के शावक का शव, गांव में मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के टोनहीडबरी गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव से कुछ दूरी पर सड़क किनारे स्थित एक कुएं में लगभग एक वर्ष के तेंदुए का शावक मृत अवस्था में तैरता हुआ मिला। सुबह-सुबह ग्रामीण जंगल क्षेत्र में वन्य प्राणियों की मौजूदगी को लेकर चर्चा कर ही रहे थे कि इस घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

गरियाबंद मंडल के डीएफओ शासिका नंदन के. ने बताया कि तेंदुए का शावक लगभग 8 से 10 माह का प्रतीत होता है। आशंका है कि वह अपनी मां के साथ खेलते समय कुएं में गिर गया होगा और बाहर निकलने के प्रयास में संघर्ष के दौरान पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि, अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## बिंद्रानवागढ़ में युवा कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन संगठन की मजबूती और रणनीतियों पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजनाओं और राजनीतिक रणनीतियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सहप्रभारी मोनिका मंडरे, प्रदेश महासचिव विक्रांत साहू, जिला प्रभारी राजेश बारले तथा जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने युवाओं से संगठन को मजबूत ▶▶|शेष पेज 12 पर



## बुढ़ाराजा के दरबार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, प्रदेश और ओडिशा से पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर ग्राम कुल्हाड़ीघाट में शनिवार को देव मड़ई का आयोजन किया गया जहां एक दिन पूर्व शुक्रवार को रात्रि जागरण कर देवी-देवताओं की विशेष पूजा अर्चना के साथ मड़ाई प्रारंभ किया गया। शनिवार को सुबह से क्षेत्रभर के देवी देवताओ की डांग डोली ध्वज दोपहर तक ग्राम पहुंचने के बाद देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करने व उनसे आशीर्वाद लेने लोग उमड़ पड़े। इस दौरान देवी -देवताओं की विशेष देव नृत्य को देखने लोगों में काफी उत्सुकता देखा गया तो वहीं सभी देवी-देवताओं द्वारा मड़ई की परिक्रमा कर मड़ाई बिहाई गई। इस मड़ाई मेला मे शामिल होने क्षेत्रभर से हजारो लोगे पहुंचे थे तो वहीं दुकानों में जमकर खरीददारी भी हुई। रात मे ▶▶|शेष पेज 12 पर



## सशिमं में 50 बच्चों का हुआ विद्यारम्भ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में 23 जनवरी 2026 को विद्यारम्भ धूमधाम से मनाया गया जिसकी शुरुआत छुरा नगर के मानस मंदिर के पुरोहित यज्ञेश महाराज जी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ छोटे-छोटे ढाई - साल, तीन साल के बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के संचालन समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव, अध्यक्ष विजय गुप्ता, सदस्य सरोज साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यारम्भ संस्कार में आसपास के गांव से छोटे बच्चों को लेकर भी माताओं की पर्याप्त उपस्थिति रही। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय छुरा में प्रतिवर्ष विद्यारम्भ संस्कार पंडितजी के द्वारा कराया जाता है ।इस वर्ष बसंत पंचमी के दिन लगभग 50 बच्चे एवं उनकी माताएं उपस्थित थी। विद्यारम्भ संस्कार में पूजन के समय जजमान के रूप में नए पालक ग्राम रवेली से टीकम यादव, डिगेश्वरी यादव एवं ग्राम मोंगरा से राम रतन नायक, भुवनेश्वरी नायक ने मुख्य जजमान की भूमिका निभाई। आगामी जुलाई माह से विद्यालय में नर्सरी कक्षा प्रारंभ करने की घोषणा भी की गई, जिसका समर्थन समस्त आये हुए माताओं ने किया अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक निषाद, ओम डहरिया, टोमन ठाकुर मनोज निर्मलकर, होरी लाल साहू अल्का सिन्हा, भारती यादव, मैंनाज टेकेश्वरी तारक, कविता यदु, निधिका शाह, राहुल सिन्हा, गणेषु निषाद, कुंती साहू रश्मि सारडा, यशोदा साहू, रेखा सोरी, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु सभी उपस्थित थे।

## सुरक्षा का कड़ा पहरा, चप्पे-चप्पे पर होगी नजर

# तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने मेला क्षेत्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। संभाग आयुक्त महादेव कावरे एवं कलेक्टर बीएस उईके के निर्देश पर मेला क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान नवीन मेला मैदान, विभागीय स्टॉल, पार्किंग स्थल, आपातकालीन सेवाएं, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, साधु-संतों के कुटी निर्माण, साधु-संतों के लिए



किचन व्यवस्था तथा शौचालय निर्माण जैसे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा ▶▶|शेष पेज 12 पर

### 10 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के निर्देश

नवीन मेला मैदान में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पाइप लाइन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अस्थायी 10 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर बीएस उईके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल, उपअधीक्षक सुश्री निशा सिन्हा, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

# एनएसएस के तत्वावधान में निकली राष्ट्रभक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ आईएसबीएम विश्वविद्यालय में गूंजा वन्दे मातरम्

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक चेतना के प्रसार के उद्देश्य से वन्दे मातरम्-रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सदस्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जो निर्धारित मार्गों से होते हुए पुनः



परिसर में संपन्न हुई। हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने वन्दे मातरम् एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### परेड ग्राउंड में सलीम करेंगे ध्वजारोहण



**छुरा।** नगर पंचायत छुरा में इस वर्ष भी हर साल की तरह 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण स्थित परेड ग्राउंड में भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत छुरा के वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन रहेंगे, जो परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत होगी। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चे संविधान, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान और समर्पण को प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व प्रातः काल सभी स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचेगी, इसके पश्चात गांधी मैदान होते हुए सभी प्रतिभागी परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। इस दौरान देशभक्ति नारों और गीतों से पूरा नगर राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा नजर आएगा। मुख्य समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नगर पंचायत छुरा ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणतंत्र दिवस के इस गौरवशाली आयोजन में सहभागिता करें और राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दें।

### पीलू राम बने यादव समाज के अध्यक्ष



**छुईहा बेलर।** यादव (ठेठवार) समाज का वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को यादव भवन में भव्य एवं गरिमामय रूप से 14 गांव से 200 परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इष्टदेव श्री राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना की गई और जय यादव, जय माधव के जयकारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंचासिन अतिथि अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों को फूल-माला, से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर समाज द्वारा एक साहसिक और प्रेरणादायी पहल की गई आयोजन से जुड़े जनपद सभापति नंदू यादव बिजली ने कहा यह आयोजन सामाजिक उत्थान, एकजुटता और संस्कृति के संरक्षण के लिए किया गया है। समाज के विकास, शिक्षा को बढ़ावा, महिला युवा प्रकोष्ठ को सक्रिय करना और सामजिक समस्याओं पर परिचर्चा, प्रतिभावान युवाओं का सम्मान का प्रस्ताव प्रमुख आकर्षण रहे हैं। यह अधिवेशन सामाजिक समरसता और समाज के साहसिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ज्ञापन //**
क्रमांक / Q / वा-1 / तह. / 2025
नवापारा दिनांक 13/01/2026
**प्रति,**
**पटवारी हल्का नंबर 09**
**ग्राम सुन्दरकेरा**
**विषय :- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।**

विषयांतर्गत लेख है कि, आवेदक ओमप्रकाश विश्वकर्मा पिता उधोराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम सुन्दरकेरा के द्वारा स्वयं का जन्म दिनांक 06/05/1999 को स्थान सुन्दरकेरा में हुआ है। जिसका पंजीयन आज दिनांक तक ग्राम पंचायत में नहीं कराने से आवेदक द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28/01/2026 को नियत की गई है।

अतः उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदन नियत तिथि के पूर्व प्रस्तुत करें।

**कार्यपालिक मजिस्ट्रेट**
**गोबरा नवापारा**

# गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बसंत पंचमी की धूम, मेधावी छात्र और खेल प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

## पिछले वर्ष विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किए

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम, छुरा में भगवान श्री गणेश एवं माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनीता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत पंचमी का त्योहार ऋतुराज बसंत के आगमन का प्रतीक है। इस दिन ज्ञान, बुद्धि एवं विवेक की देवी माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। विद्यार्थी, कलाकार एवं संगीत से जुड़े लोग अपनी उन्नति एवं सफलता के लिए देवी की आराधना करते हैं।विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के अंतर्गत पिछले वर्ष विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। नर्सरी वर्ग में प्रथम स्थान रिया साहू एवं द्वितीय स्थान अंशिका को प्राप्त हुआ। केजी-1 में प्रथम स्थान दीक्षा तथा द्वितीय स्थान गीतेश एवं पूर्णिमा रहे।

केजी-2 में प्रथम स्थान एलिना अहमद, गीतांजलि एवं श्रुति तथा द्वितीय स्थान एंजल, पूर्वी एवं ऐश्वनी रहे।

कक्षा पहली में प्रथम स्थान हर्षिता ठाकुर एवं द्वितीय स्थान अथर्व रहे।कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान



रुहान कुमार एवं द्वितीय स्थान अन्वी रहीं।कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान सेंजीत एवं द्वितीय स्थान अनन्या रहीं।

कक्षा चौथी में प्रथम स्थान निकिता एवं द्वितीय स्थान इरम फातिमा रहीं।कक्षा पाँचवीं में प्रथम स्थान मेघा नेताम एवं द्वितीय स्थान इश्वी रहीं।कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान भूपेश एवं द्वितीय स्थान खिलेश रहे।कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान सृष्टि एवं द्वितीय स्थान रेणुका रहीं।

कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान झांसी एवं द्वितीय स्थान ईशा रहीं।इसके साथ ही विद्यालय में आयोजित स्पोर्ट्स डे के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए तथा कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## उत्सव : इंडियन पब्लिक स्कूल तुमगांव में मना वार्षिक खेल उत्सव

# स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद का अभ्यास निरंतर रहे जारी : मतवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल तुमगांव छुरा एक ऐसा स्कूल हैं जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नये-नये कार्यक्रम आयोजित करके सभी विद्यार्थियो को तमाम वो अवसर प्रदान करता है जिससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल से जुड़े रहें, उसी कड़ी में 15 दिसम्बर 2025 से लेकर 19 दिसम्बर 2025 तक वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया था जिसका पुरस्कार वितरण समारोह 23जनवरी 2026 को किया गया जिसेमें मुख्य अतिथि केएल मतवाले बीईओ छुरा, प्रेम मार्कण्डेय बीआरसीसी छुरा एवं किशन धीतेश प्रधान पाठक रहे, जिन्होंने अपनी गरिमामय उपस्थित से और अपने ऊर्जावान उत्बोधन से सभी विद्यार्थियो को नई सीख दी। और साथ में ये भी बताया कि जीवन में खेलो का कितना महत्व है हमे खेलो को जीवन का हिस्सा बनाए रखना चहिए। हार जीत खेल के साथ साथ जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है।





वार्षिक खेल उत्सव के इस पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन से सभी विद्यार्थियो की खुशी उनके चहरे से साफ़ झलक रही थी, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा मे चार दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का जो आयोजन किया गया था उसमे दिवस वार खेलो का विभाजन किया गया था जिसमें, दौड़, कबड्डी, खो खो, रिले दौड़, कैरम, शतरंज, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, वॉलीबाल, क्रिकेट प्रमुख रखा गया था। जिसका पुरस्कार प्राप्त कर सभी विद्यार्थियो को बहुत खुशी हुई। इस कार्यक्रम में प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित एचओडी, शशि तिवारी प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला देवी राजपूत, यमुना नेताम, एकता वर्मा, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकार, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, मोनिका यादव, प्रीति सेन, नाहिद खान, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, सुनीता निषाद, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवम समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

# सेंट जॉन स्कूल में बसंत पंचमी की धूम, पीले फूलों से महका परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

स्थित जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल में बसंत पंचमी का पारम्परिक और सांस्कृतिक पर्व बड़े उत्साह तथा गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। बसंत ऋतु के आगमन की खुशी में विद्यालय परिसर को पीले फूलों, रंगीन बैनरों तथा आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया जिसने पूरे स्कूल को उत्सवमय बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा पीले वस्त्रों में सजे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बसंत ऋतु की उल्लासपूर्ण छटा को दर्शाया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, कविता पाठ, नृत्य प्रस्तुति और भाषण के माध्यम से पर्व के धार्मिक, प्राकृतिक तथा सामाजिक महत्व को उजागर किया इसके पश्चात शिक्षिका विनीता देवांगन ने भी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के इतिहास एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। बसंत पंचमी को ज्ञान एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में क्यों मनाया जाता है, साथ इस दिन के शुभभवसर नवप्रवेशी छात्रा छात्राओं एवं पालकों को भी विशेष तौर पर स्वागत अभिनंदन किया गया इस पर भी विद्यार्थियों को रोचक तथ्य बताए गए।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्या बिंदु जार्ज जेकब उपस्थित संस्था के निर्देशक जार्ज जेकब,शिक्षक शिक्षिकाओं एवं सभी छात्रा छात्राओ सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को सृजनात्मकता, ज्ञान एवं संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में हर्ष, उमंग और संस्कृति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

# माता परमेश्वरी जयंती पर देवांगन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

देवांगन समाज के तत्वावधान में माता परमेश्वरी जयंती गुरुवार को बड़े धुमधाम से महोत्सव मनाई गई। पूजा अर्चना के बाद समाज के लोगों द्वारा आकर्षक झांकी के साथ ज्योति कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के साथ ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीण साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज गरियाबंद, अध्यक्षता डॉ. टायल राम साहू सदस्य जनपद पंचायत फिंगेश्वर, विशिष्ट अतिथि गणेश राम साहू सरपंच परसदाकला, पूर्व सदस्य जनपद नेमीचंद देवांगन, संतोष देवांगन, पीलेश्वरी मिथलेश साहू उपसरपंच, हेमलाल निषाद थे। साहू समाज जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि देवांगन समाज सभ्य व सुसंस्कारित समाज है जो पैतृक



कार्य कपड़ा बुनकर जग की मर्यादा ढंकने का कार्य कर सभ्य समाज की स्थापना करता है। समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। जनपद सदस्य डॉ. टायल साहू ने देवांगन भवन में टाइल्स कार्य जीर्णोद्धार के लिए जनपद निधि से राशि देने की घोषणा किया। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष सुरेश साहू, शेखर साहू संगठन सचिव तहसील साहू संघ फिंगेश्वर, तारण दास, युवराज साहू, बालिक साहू, नारद साहू, नेहरू देवांगन, रेवा राम देवांगन, विश्राम निषाद, कुलेश्वर निषाद, हुकूमत साहू, विवेक साहू, मिथलेश साहू, रमेश साहू, मेष साहू, रोहित साहू, कमलेश साहू, गिरवर देवांगन उपस्थित थे।

# हरिभूमि बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य आगाज



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज शनिवार को हरिभूमि बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 का जोरदार शुभारंभ दुर्गा मंदिर मैनपुर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा द्वारा मत्रोंचारण दीप प्रज्जवलन किया गया मैनपुर में प्रति वर्ष हरिभूमि परिवार द्वारा क्षेत्र के प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता का क्षेत्र के प्रतिभागियों को वर्षभर इंतजार रहता है आज हाईस्कूल मैदान में बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है जिसमें कुल 14 टीम भाग लिए है और यह प्रतियोगिता डे-नाईट आयोजित किया गया है जिसका पुरस्कार वितरण 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में वितरण किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, दुर्गा मंदिर मैनपुर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा, कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, भाजपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू, राकेश दुबे, पत्रकार रूपेश साहू, सोहन नागेश, वरिष्ठ शिक्षक गोविंद पटेल, खन्ना रामटेके, माधुरी नागेश, टीकम पटेल, गोंविद फरस, पुरूशोत्तम नायक, गोंविद यादव, देवेन्द्र यादव, मलिक रजा, सोहेल खान, आकाश सिन्हा, नरेन्द्र पटेल, मुकेश ठाकुर, संतोश धुरव, मैनपुर सरपंच श्रीमती हनीता नायक, पूर्व सरपंच श्रीमती सरिता ठाकुर, श्रीमती नंदनी नेताम, तीव कुमार सोनी एंव बडी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### दर्शकों ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नरोत्तम साहू ने कहा कि हरिभूमि परिवार द्वारा हर वर्ष मैनपुर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है निश्चित रूप से इसका लाभ क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर प्रदान करता है, उन्होने इसके लिए हरिभूमि परिवार का आभार व्यक्त करते हुए अपने तरफ से भी नगद राशि पुस्कार के रूप में देने की घोषणा किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि हरिभूमि अखबार दूरस्थ वनांचल आदिवासी क्षेत्र तक पहुंच रहा है और निश्चित रूप से इस क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश के महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रमुखता के साथ हरिभूमि सामने लाकर शासन प्रशासन और जनता के बीच एक बेहतर कार्य कर रहा है। इस खेल प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ शिक्षक गोंविद पटेल एवं खन्ना रामटेके द्वारा किया जा रहा है और सैकड़ों की संख्या में लोग खेल में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे है वहीं खिलाड़ियों में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

## पेज 11 के शेष...

### 15 हजार के...

था। इसलिए पैसे की जुगाड़ में 21 जनवरी को गांव वापस आ गई। सास ने बताया कि बेटा पोड़ा आंध्रप्रदेश के ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है।उसको भी फोन लगाया पर उसके सेठ भी नहीं दे रहे थे 6 माह के गर्भ के दरम्यान बेटे के साथ रही बहु घर वापस आ गई थी। पहला गर्भ ऑपरेशन से हुआ था, इसलिए डर गई सास ने कहा कि पहला गर्भ तीन साल पहले धर्मगढ़ के इसी अस्पताल में हुआ था, ऑपरेशन करना पड़ा था, तब सोना चांदी बेच कर 85 हजार दिया था। इस बार प्रसव पीड़ा के बाद स्थानीय अस्पताल को मैंने संपर्क नहीं किया, क्योंकि पिछली बार वे इंकार कर दिए थे। बहू के आंध्रप्रदेश से आने के बाद एक दो बार मितानिन आए, लेकिन कोई कार्ड तक नहीं दिया। सरकारी हिसाब से कोई देख रेख नहीं हो रहा था इसलिए बॉलरों किराया कर ओडिशा ले गई। दोबारा ओपरशन न कराने पड़े इसलिए हमने उन्हें उनकी मुंह मांगी कीमत देने के लिए तैयार थे। पर इतना ज्यादा मांग रखा गया था जिसका बंदोबस्त हमारे पास 6 वे दिन तक भी नहीं हो पाया था आज जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप के मदद से जच्चा बच्चा सकुशल घर पहुंच गए हैं।

### कुएं में मिला...

ही वन विभाग हरकत में आया। छुरा वन परिक्षेत्र के अधिकारियों के साथ ही जिला स्तर के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। गरियाबंद डीएफओ शासिका नंदन के, एसडीओ विकास चंद्राकर तथा छुरा वन परिक्षेत्र के रेंजर लव कुश पांडे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले तड़के सुबह से ही बीट प्रभारी यादराम सिन्हा और कृष्ण कुमार साहू मौके पर मुस्तैदी से तैनात रहे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने नियमानुसार पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई।बताया गया कि उक्त कुआं टोनहीडबरी निवासी रायसिंह गोंडका है, जहां से तेंदुए के शावक के शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद जिले से पहुंचे तीन वरिष्ठ पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर ही पोस्टमार्टम कर मृत्यु के कारणों की जांच शुरू की। सभी कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद वन विभाग की टीम ने देर शाम शावक के शव का विधिवत अंतिम संस्कार किया। घटना के बाद ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के वन क्षेत्रों में पहले भी तेंदुओं की गतिविधियां देखी जाती रही हैं, जिससे लोगों में भय बना रहता है। यह घटना छुरा के वनांचल क्षेत्र में पहली बार नहीं है, इससे पूर्व भी अलग-अलग समय पर इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### बिंद्रानवागढ़ में युवा ...

करने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने और जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल किशोर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, नगर पालिका प्रत्याशी गेंदलाल सिन्हा, महेंद्र राजपूत, प्रदेश सचिव श्रद्धा राजपूत, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेखा ममता फुलझाड़े, सविता गिरी, गुरुनूर कौर, सुमंत देवगन, नागेश, उमेश डोगरे, अल्तमस खान, शहीद मेमन, सोहन नागेश, निराकार डोगरे, हुकूमद यादव, मनोज पांडे, सूरज यादव, नंदू गोस्वामी, नूतन साहू, धर्मेंद्र बघेल, गिरीश बघेल, आर. के. नागेश, सतीश पटेल, लक्ष्मण चक्रधारी, खेमे पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने, युवाओं को सक्रिय भूमिका देने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया गया।

### बुढ़ाराजा के दरबार...

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्षों बाद कुल्हाड़ीघाट में मड़ई मेला को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

**बुढ़ाराजा के दरबार में लगा भक्तों का तांता**–विशेष पिछड़ी कमार नजजाति के प्रमुख देवस्थल बुढ़ाराजा के दरबार में पूजा अर्चना करने जहां कमार जनजाति के लोग छत्तीसगढ़ और ओडिसा से पहुचे हुए थे वहीं पूरे क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में यहां लोगों ने पहुंचकर अपने मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा अर्चना किए कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंह सोरी ने बताया कि की बुढ़ाराजा के दरबार में विशेष पूजा अर्चना के बाद मड़ई प्रारंभ किया गया है जो दो दिनों तक चलेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि वरिष्ठजन एंव विभिन्न समाज प्रमुख शामिल हुए।

### तैयारियों ने पकड़ी...

में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर को मेला स्थलों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने एवं बल के लिए आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा की दृष्टि से निजी पार्किंग स्थलों में सीसीटीवी कैमरे, समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित बैरिकेडिंग करने के निर्देश भी दिए गए। दुकानों के आबंटन के संबंध में एसडीएम विशाल महाराणा ने जानकारी दी कि मेला क्षेत्र में दुकानों के आबंटन हेतु 25 जनवरी तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, जबकि 27 एवं 28 जनवरी को नियमानुसार दुकानों का आबंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आबंटन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पैदल यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए मार्गों में साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### एनएसएस के तत्वावधान...

सेवा योजना विद्यार्थियों और कर्मचारियों में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय की सामाजिक और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने अपने संबोधन में कहा कि वन्दे मातरम् रैली जैसे कार्यक्रम युवाओं में एकता, सहयोग और जिम्मेदार नागरिक बनने की चेतना को मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस सदस्य मुकुल ठाकुर द्वारा किया गया, जबकि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर तिवारी ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी सहभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रैली का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के संकल्प के साथ हुआ।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शिक्षक गोविंद के हुनर ने दीवारों पर उकेरी बस्तर की संस्कृति



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित चार दशक पुराना जर्जर स्कूल भवन को आकर्षक रंग रोंगन कर गणतंत्र दिवस 2026 के लिए दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है यहां के वरिष्ठ शिक्षक गोविंद पटेल के विशेष प्रयास से स्कूल के दीवारों में बस्तर की संस्कृति के साथ विभिन्न महापुरुषों के छायाचित्र बनाकर सजाया जा रहा है यह कलाकृति को देखने लोगों की भीड़ लग रही है और नगर सहित क्षेत्र के लोगों ने शिक्षक गोविंद पटेल के इस प्रयास के साथ ही सभी शिक्षकों के स्कूल के प्रति लगाव और स्वच्छता को देखकर उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

### होरीलाल वर्मा बने कांग्रेस के अध्यक्ष

**श्यामनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए पहली बार मंडल स्तर पर पार्टी संगठन का गठन किया है। संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत फिंगेश्वर विकासखंड के श्यामनगर मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर ग्राम धुमा निवासी होरीलाल वर्मा की



नियुक्ति की गई है। होरीलाल वर्मा इससे पूर्व बूथ अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव और कार्यकुशलता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर होरीलाल वर्मा ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का वे सदैव प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने जैन मुनि विशुद्ध सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

## जैन समाज द्वारा पांच दिवसीय भव्य पंचकल्याणक धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जैन समाज द्वारा आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में जैन मुनि श्री विशुद्ध सागर महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त करने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, भाजपा रायपुर ग्रामीण प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी, भाजपा रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग नवापारा नगर पहुंचे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने जैन मुनि विशुद्ध सागर महराज से प्रदेश एवं देश की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर नगर पालिका ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, प्रदेश भाजपा महिला कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा ने विशुद्ध सागर जी महराज एवं जैन मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दे कि नवापारा नगर में जैन समाज द्वारा पांच दिवसीय भव्य पंचकल्याणक धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जहां अन्य शहरों एवं राज्यों से जैन अनुयायियो का नगर में आगमन हुआ है। विशुद्ध सागर जी महराज एवं जैन मुनियों के नगर आगमन का पुण्य लाभ नगरवासियों को प्राप्त हो रहा है।





## पर्व : स्कूल परिसर पर किया पौधारोपण, ली सुरक्षा की शपथ

# बसंत पंचमी पर मंत्रोच्चार से हुआ मां सरस्वती का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और संस्कारपूर्ण वातावरण में 200 पौधे रोपे गए। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुंदर माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ब्राह्मण बटुकों द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजन एवं हवन कराया गया। वैदिक मंत्रों की गूंज से वातावरण पवित्र हो उठा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी पूरे मनोयोग और श्रद्धा के साथ पूजन एवं हवन में भाग लिया तथा ज्ञान, बुद्धि, विवेक और सदगुणो की कामना की। पूजन उपरांत सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों को खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जिससे पूरे परिसर में प्रसन्नता और सामूहिकता का भाव दिखाई दिया। इस विशेष अवसर पर प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में विद्यालय के यूथ क्लब एवं इको क्लब सहित छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में 200 पुष्पीय एवं सजावटी पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। यह पहल बसंत पंचमी जैसे ज्ञान और नवजीवन के पर्व को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ते हुए आयोजन को और भी सार्थक बना गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा, विवेक शर्मा राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी सहित समिति सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में बीआरसीसी सुभाष शर्मा, प्राचार्य बीएल ध्रुव, वरिष्ठ व्याख्याता सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, शिखा महाड़िक, अंजू मार्कण्डे, कैलाश साहू, नारायण साहू, साक्षी जपे, प्रणीती चंद्राकर सहित समस्त शिक्षकों की सक्रिय और सराहनीय सहभागिता रही।

### जमाही बसंत पंचमी में मां सरस्वती पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया



छुईहा बेलर। ग्राम जमाही में शुक्रवार को हर्षोल्लास के माहौल में श्रद्धा व भक्ति के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गयी। ॐ ऐं ह्रीं क्लीं महासरस्वती देव्यै नमः मंत्र का जाप कर विद्या, बुद्धि, विवेक की देवी की अराधना की गई। यह पर्व मनाने वाले वह बच्चे हैं जो स्कूल से घर पहूंचने के बाद प्रतिदिन संध्या 5 से 7 बजे एक जगह बैठकर अध्ययन करते हैं। इसमें 1 से 8 तक की बालिका होती है। गांव की तरफ से बकायदा दो शिक्षिका नियुक्त है जो बच्चों को पढ़ाती। आज इन बच्चों की शैक्षणिक स्तर बेहतर है। शुक्रवार को ग्राम जमाही में इनके सरक्षंक व मार्गदर्शन रामजी सिन्हा छुईहा,परदेशी राम सिन्हा छुईहा, ग्राम प्रमुख जगदीश ध्रुव, परमेश्वर दिवान,जगत ध्रुव, मुकेश ध्रुव की उपस्थिति में बच्चों संग माघ महीने की शुक्ल पंचमी को बसंत पंचमी का पर्व में विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती की भव्य पूजा-अर्चना कर बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां पहली अवसर जब इस तरह महौल बना है। इस मौके पर डॉ. ताराचंद साहू, दुरेन्द्र दिवान, जागेश्वर ध्रुव, शिक्षिका दीपिका साहू, सोनम दिवान, भेषमणी,नेहा, गायत्री, लेखनी, तुलसी, हूमेश्वरी पुष्पांजलि, निहारिका, राजकुमार, योगेश ग्रामवासी, महिला समुह सदस्य उपस्थित थे।

# परसदा में बसंत पंचमी पर पुस्तक पुष्पा सांनिध्य का भव्य विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर ग्राम परसदा जोशी के उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा की पत्नी लेखिका रूचि शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक पुष्पा सानिध्य का भव्य विमोचन हुआ। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबर शुक्ला साहित्यकार एवं अधिवक्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में सुरेंद्र शर्मा कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व राज्य मंत्री, ललित मिश्रा ,सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं साहित्यकार, सीमा शर्मा जनपद सदस्य, रामविनोद शर्मा ,हरिहर स्कूल के भूतपूर्व प्राचार्य, तथा पूर्व पार्षद मनोज ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन करते हुए लेखिका के प्रयासों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि यह कृति सामाजिक दृष्टि से एक अनूठा प्रयास है, जिसमें सास-बहू जैसे पारिवारिक संबंधों को प्रेम, सम्मान और संवेदना के साथ प्रस्तुत किया गया है। आज के समय में जब पारिवारिक संबंधों में दूरी और टकराव देखने को मिलता है, तब यह पुस्तक समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य करती है। इस अवसर पर लेखिका रुचि शर्मा ने बताया कि पुस्तक लेखन में उनके पति ज्ञानेश शर्मा का विशेष योगदान रहा। उनके निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग से ही इस पुस्तक का सृजन संभव हो सका। उन्होंने यह भी बताया कि पुस्तक का नाम पुष्पा सानिध्य उनके पति द्वारा ही सुझाया गया है। लेखिका ने कहा कि यह पुस्तक उनके सास-ससुर से प्राप्त स्नेह, संस्कार और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता का भाव है, जिसे उन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से साहित्यिक रूप दिया है। उन्होंने इस पुस्तक को अपने सास-ससुर के प्रति श्रद्धा और सम्मान अर्पित करने का माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामवासियों ने लेखिका को शुभकामनाएँ दीं। पुस्तक विमोचन समारोह सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।



प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# राष्ट्रीय स्तर पर कोसमबुड़ा एकलव्य विद्यालय ने किया कमाल, दिल्ली में मिलेगा 1 करोड़ का पुरस्कार

## मॉडल यूथ ग्राम सभा को प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पूरे देश के लिए गर्व का विषय बनते हुए मॉडल यूथ ग्राम सभा के अंतर्गत चयनित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसम बूढ़ा को प्रथम राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। विद्यालय को यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार 28 जनवरी 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री भारत सरकार द्वारा विद्यालय को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। यह सम्मान विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक, सामाजिक सहभागिता एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 30 विद्यार्थी, 03 शिक्षक एवं 01 प्राचार्य डॉ. कमला कांत यादव को शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी चयनित प्रतिभागी 24 जनवरी की रात्रि हवाई जहाज से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली प्रवास के दौरान पंचायत




एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विद्यार्थियों से सीधे संवाद करेंगे तथा मॉडल यूथ ग्राम सभा की अवधारणा, अनुभव और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए सीख और प्रेरणा का बड़ा अवसर साबित होगा। इस उपलब्धि पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एकलव्य विद्यालय कोसम बूढ़ा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और पंचायत व्यवस्था की सकारात्मक भूमिका का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान क्षेत्र के अन्य विद्यालयों एवं ग्राम सभाओं को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय को मिले इस राष्ट्रीय सम्मान से न केवल कोसम बूढ़ा बल्कि पूरा महासमुंद लोकसभा और छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### ग्राम बिजली पहुंचीं प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, लखपति दीदियों की सफलता को सराहा

# विकसित भारत जी राम जी योजना पंचायतों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण का आधार है : निहारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने राज्यपाल रमेन डेका के गोद ग्राम बिजली (मड़वाडीह) का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा, एनआरएलएम के एमडी अश्वनी देवांगन कलेक्टर बीएस उईके, उप सचिव एस. आलोक, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सहित जनपद फिंगेश्वर अधिकारी उपस्थित रहे। श्रीमती बारिक ने गोद ग्राम पंचायत बिजली मड़वाडीह में ग्रामीणों एवं महिला स्व-सहायता समूहों से चर्चा करते हुए समूहों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी योजना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि पहले यह योजना 100 दिनों की कार्य अवधि तक सीमित थी, जिसे बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है। इससे ग्रामीण आजीविका को वैधानिक संरक्षण मिलने के साथ-साथ जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।



उन्होंने बताया कि मजदूरी भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य समाप्ति के 15 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा के दौरान श्रीमती बारिक ने मड़वाडीह की श्रीमती मिथलेश्वरी ध्रुव से बातचीत की। उन्होंने बताया कि डेढ़ लाख रुपये का ऋण लेकर 1200 फीट की सेंट्रिंग प्लेट खरीदी गई है, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक समय में लगभग चार घरों में कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चार माह में लगभग 30 लाख रुपये की आय अर्जित हुई है, जो कुल व्यय का लगभग एक-चौथाई है। जिले में लखपति दीदियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रमुख सचिव ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही जय फणीश्वर एग्रो महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा "त्रिवेणी" ब्रांड नाम से हल्दी एवं मिर्च की पैकिंग एवं विक्रय की गतिविधियों का अवलोकन किया। समूह द्वारा अब तक 50 किलो से अधिक उत्पाद का विक्रय कर आय अर्जित की जा चुकी है। उन्होंने सुझाव दिया कि धान के स्थान पर मिर्च अथवा हल्दी जैसी नकदी फसलों की खेती कर कच्चे माल का स्वयं उत्पादन कर अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

#### दोना-पत्तल निर्माण कर आय अर्जित की जा रही

गोद ग्राम में कचरा प्रबंधन व्यवस्था की भी जानकारी ली गई, जिसमें नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं सफाई कर्मियों के मजदूरी भुगतान की स्थिति का अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत में संचालित डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से हो रहे दैनिक ट्रांजेक्शन एवं ग्रामीण स्तर पर डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके पश्चात ग्राम श्यामनगर में संचालित आजीविका केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां उगता सूरज, जय ठाकुर देव एवं जय महामाया समूह द्वारा सिलयारी पत्तों की सिलाई कर पारंपरिक दोना-पत्तल निर्माण कर आय अर्जित की जा रही है। इस कार्य की सराहना करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि महिलाएं आज परिवार की रीढ़ बन चुकी हैं और किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिजली की ज्योतिबाला ढालेन,सरपंच श्रीमती पद्मा निषाद, सभापति नंदू यादव, मनरेगा पीओ, आरईएस जायसवाल, उप संचालक समाज कल्याण डोनर ठाकुर, सचिव गोवर्धन निषाद, अनिल साहू, दयाराम, ग्राम श्यामनगर के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवापारा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शुक्रवार को जैसे ही नवापारा पहुंचे तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं देवांगन समाज के लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर आतिशबाजी करते हुए जबर्दस्त स्वागत किया। यहां फूल मालाओं से स्वागत के लिए होड़ मची रही।

स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रसन्न शर्मा, राजा पारख, राकेश जगवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, नवल साहू, संजीव सोनी, दयालु राम गाड़ा, सचिन सचदेव, हितेश मंडई, मनीष देवांगन, इश्वरी देवांगन, भूषण सोना, प्रितेश साहू, रिकेश साहू, अकरम रिजवी, मयाराम साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, साधना सौरज, धनमती साहू, तनु मिश्रा, योगिता सिन्हा, हर्षा कंसारी, प्रभा बांसवार नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष बुधराम देवांगन ,महेश देवांगन, सतीश देवांगन, प्रदीप देवांगन, प्रेम देवांगन, छन्नू देवांगन, भागवत देवांगन, खेलन देवांगन, उमाशंकर देवांगन, जयप्रकाश चौहान, फागु देवांगन, रामकुमार देवांगन, मोहन देवांगन, युवा अध्यक्ष अजय देवांगन, विवेक देवांगन, कुशल देवांगन, शुभम देवांगन, विक्की देवांगन, आयुष देवांगन, पप्पू देवांगन, कमलेश देवांगन, हेमंत देवांगन, मीडिया प्रभारी राजू देवांगन बड़ी संख्या में शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### मैनपुर में गणतंत्र दिवस की धूम



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस पर्व को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है शासकीय अर्धशासकीय कार्यालयों सहित चौक चौराहो में झंडा फहराने के लिए रंग रोंगन के साथ साफ सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। तो वहीं दुकानों में तिरंगा कपड़ा, खादी कपड़ा एवं प्लास्टिक झंडे, स्टीकर, बैच, रिंग बेल्ट युवाओं को खुद लुभा रहा है। स्कूली बच्चे जमकर खरीदी कर रहे है वहीं गणतंत्र दिवस पर्व पर विभिन्न स्कूलों में सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसके चलते छात्र-छात्राएं एवं पालक तैयारी में लगे हुए है मिष्ठान दुकानो में भी सेव बुंदी और मिठाई की बड़े-बड़े आर्डर दिया गया है।

### प्रसन्न नवापारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष बने

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका परिषद नवापारा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा को नवापारा ब्राम्हण समाज का अध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान ब्राम्हण समाज



के वरिष्ठ आर बी शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मधुसुदन शर्मा, वेदप्रकाश तिवारी, श्याम किशोर शर्मा, कैलाश शुक्ला, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, अशोक तिवारी, अजय तिवारी, शिव तिवारी, सुभाष शर्मा, हिमांशु दुबे, श्रीनिवास शुक्ला, दिनेश तिवारी, चंद्रिका शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, महेश तिवारी, सौरभ उपाध्याय, हिमांशु दुबे, कैलाश तिवारी, मनहरण तिवारी, जितेंद्र भट्ट, पीयूष शर्मा, अंजय शर्मा, अखिलेश शर्मा, अतुल शर्मा, प्रशांत मिश्र, कमल शर्मा, दिनेश शर्मा, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, रुचि शर्मा, तारणी शर्मा, आयुषी शर्मा, रश्मि तिवारी, अंजू तिवारी, रेणुका तिवारी, प्रतिभा शर्मा, भुवनेश्वरी शर्मा, पुष्पांजलि तिवारी, स्वाती उपाध्याय, अनामिका तिवारी, प्रीति शर्मा, स्मिता शर्मा, नीरजा पाण्डेय, रानी पाण्डेय सहित ब्राम्हण समाज के सभी लोग शामिल थे।

### उल्बहीनदाई महोत्सव पर निकाली भव्य कलशयात्रा

**अभनपुर।** ग्राम उल्बा में ग्रामदेवी उल्बहीनदाई महोत्सव का शुभारंभ राम मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। चौक-चौराहों में विराजमान देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना एवं उल्बहीनदाई की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगेश वत्स महाराज के भजन-कीर्तन तथा युवतियों के राउत नाचा ने महोत्सव को भक्ति और उल्लास से भर दिया। विधायक इंद्र कुमार साहू ने 3 लाख रुपये की टीना शेड एवं 6.50 लाख रुपये की सामुदायिक भवन निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने मेधावी छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों व सहयोगकर्ताओं का सम्मान किया। बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने उल्बहीनदाई की चमत्कारी शक्तियों का उल्लेख किया। सरपंच नेहरू लाल साहू ने हर वर्ष बसंत पंचमी पर महोत्सव आयोजन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, रानी सोनवानी,राघवेंद्र साहू, होरी साहू, अंबिका कोसले पंचगण सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निधन

### नरेंद्र बावरिया

**नवापारा-राजिम।** गुजराती समाज के नरेंद्र भाई बावरिया उम्र 63 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। उनका



अंतिम संस्कार नवापारा मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में गुजराती समाज एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनके चिता को मुखाग्नि उनकी तीनो बेटियां अनिशा, तनिशा और दिनिशा ने दी।

# गुरु कृपा विद्या मंदिर में स्नेह सम्मेलन की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला के गुरु कृपा विधा मंदिर स्कूल में स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का उत्सव का आयोजन बेहद धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शानदार नृत्य प्रदर्शन, नाटकों और प्रतिभागी छात्रों को मिले पुरस्कारों के साथ कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधार्थियों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विन्द्रानवागढ विधायक जनक राम ध्रुव, विशेष अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच परमेश्वर यादव, सरपंच कुडेरादादर तुलेश्वर ध्रुव, लोकराम यादव ग्राम पटेल, सीमा गुप्ता उपसरपंच मुढीपानी, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, कमलेश्वर नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम, डगेश्वर सोरी, शिवदास मानिकपुरी, जनकराम ध्रुव सहित सभी आमंत्रित अतिथि मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम की शुभारंभ




#### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

विधार्थियों ने नृत्य, संगीत, और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। यह आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और सामूहिक आनंद का एक जीवंत माध्यम बना। वार्षिकोत्सव में गुरु कृपा विधा मंदिर के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध



कर दिया। छात्र छात्राओं ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया,कई छात्र छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। इसी कड़ी में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि वार्षिक उत्सव ने सभी को एक साथ मिलकर आनंदित होने का अवसर दिया और विधार्थियों में आत्मविश्वास तथा टीम भावना को बढ़ावा दिया। यह उत्सव विद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में सहायक सिद्ध हुआ। इस प्रकार वार्षिक उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष झवर अग्रवाल, शशांक अग्रवाल सचिव, ज्योति अग्रवाल कोषाध्यक्ष, कृष्णा गुप्ता, किरण अग्रवाल, द्रुतिया अग्रवाल, उत्तरा यादव, गंगा नेताम, यशवंत अग्रवाल, आरती यादव, सावित्री कंवर, घनश्याम चौहान, गंगोत्री मरकाम, कीर्तिमाला कश्यप, यामिनी सेन, यश्वनी राजपूत, कीर्ति ध्रुव सहित पालकगण व ग्रामीण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि के साथ सभी अतिथिगण मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ पुजा अर्चना कर किया गया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में वार्षिकोत्सव की धूम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में वार्षिक उत्सव का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में दिनांक 23 जनवरी को विद्यालय का वार्षिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सवधर्मी रंगों, सजीव सजावट, मधुर संगीत और बच्चों की उमंग से जीवंत हो उठा। विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अतिथियों की उपस्थिति से पूरा परिसर एक सांस्कृतिक संगम में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि लोकेश्वर पटेल जी सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, गरियाबंद, अमल कर्माकर जी, मीरा ठाकुर जी अध्यक्ष, जनपद पंचायत, किरण ठाकुर जी सरपंच, कोसमबुड़ा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया और मंचीय कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विविध एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें स्वागत गीत, छत्तीसगढ़ी जनजातीय वाद्य वादन, पंजाबी नृत्य, छत्तीसगढ़ी गीत व नृत्य, बिहू नृत्य, रागमाला, हिंदी नाटक, मूक (मौन) नाटक, शास्त्रीय वाद्य वादन, संस्कृत गीत, हॉरर कॉमेडी नृत्य, युग परिवर्तन नृत्य तथा राजस्थानी नृत्य प्रमुख रहे। हर प्रस्तुति में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अभ्यास और कलात्मकता स्पष्ट झलक रही थी। दर्शक दीर्घा बार-बार तालियों से गूंज उठी और बच्चों के उत्साह में चार चांद लगते रहे।

■ सांस्कृतिक छटा के बीच प्रतिभाओं का सम्मान

#### विद्यालय का कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिमाण रहा सत प्रतिशत

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा को और मजबूत किया। मंच पर मुस्कराते चेहरों ने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत कभी खाली नहीं जाती। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गत शैक्षणिक सत्र में विद्यालय का कक्षा 10वीं का परिणाम 100 प्रतिशत तथा कक्षा 12 का परिणाम 98.24 प्रतिशत रहा। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं पंचायती राज मंत्रालय की नई पहल मॉडल यूथ ग्राम सभा में विद्यालय ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को नई दिल्ली में कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर मिला। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विद्यालय की मेधावी छात्रा भावना ध्रुव का चयन आईआईएससी बेंगलुरु में दो दिवसीय सेमीकंडक्टर प्रशिक्षण के लिए हुआ, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए विद्यालय में नीट, आईआईटी, यूपीएसी, एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है तथा बेहतर परिणामों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने बच्चों को थाली वितरित की

# कन्या शाला में मां शारदा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के हृदय स्थल सदर रोड में स्थित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नवापारा नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष संध्या राव कार्यक्रम में मौजूद थी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या दायिनी माता शारदा की पूजा-अर्चना से हुई। संध्या राव ने विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार, आरती और फूल-मालाओं से नवस्थापित मां शारदा की प्रतिमा का पूजन कर अनावरण किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर दिव्य और पवित्र वातावरण में डूब गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रमुख रेखा ठाकुर, राजेंद्र मिश्रा, पार्वती सोनी, मंजू देवांगन, रामकुमारी वर्मा, ओमप्रकाश साहू, अश्वनी साहू, मनीष जैन, वन्या अग्रवाल,



उकेश तारक, सुनील साहू, तोमेश्वरी जोशी, लोकेश धृतलहरे, दीपक साहू, ओमप्रकाश साहू, वाणी उपासना साहू, शिक्षक एवं शाला विकास समिति के सदस्य गण छात्र-छात्राएं, अभिभावक, मध्यान्ह भोजन समूह के रसोइया दीदी और स्थानीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष



संध्या राव ने अपने हाथों से स्कूली बच्चों को बसंत पंचमी के अवसर पर थालियां वितरित की। थाली पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखी गई। बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर शाला परिवार द्वारा साहित्यकार तुकाराम कंसारी का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संध्या राव ने कहा कि बसंत पंचमी विद्या, ज्ञान और सृजन का पर्व है। माता शारदा की कृपा से हमारे बच्चों को सदैव उज्ज्वल भविष्य प्राप्त हो। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमारा पूरा सहयोग रहेगा। यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता के प्रति स्थानीय नेतृत्व की सकारात्मक सोच को दशार्ता है। सजावट में विशेष योगदान शाला की शिक्षिका मंजू देवांगन, वन्या अग्रवाल, अश्वनी साहू का नाम उल्लेखनीय रहा।

